कार्यालय जनसम्पर्क अधिकारी
राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय, ग्वालियर
राजा पंचम सिंह मार्ग, ग्वालियर (म.प्र.) – 474002

फोन / फैक्स : 0751–2970230, 2970231
ईमेल : pro.rvskvv@gmail.com

क्र. / जन.कार्य. / 2023–24 / 453 दिनांक : 27 / 02 / 2024

प्रति,

श्रीमान संपादक महोदय / ब्यूरोचीफ

ग्वालियर, म.प्र.

महोदय,

निवेदन है कि राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय, ग्वालियर का एक महत्वपूर्ण समाचार प्रकाशनार्थ प्रेषित है। कृपया प्रकाशित कर सहयोग करने का कष्ट करें।

प्रेसनोटः–

(जनसम्पर्क अधिकारी)

वक्तव्य ज्ञानवर्धक के साथ मनोरंजक भी होः डॉ. पटेल

ग्वालियर। कृषि विश्वविद्यालय, ग्वालियर में वैज्ञानिकों व विस्तार अधिकारियों हेतु व्यवहार कौशल परायणता का प्रशिक्षण कार्यक्रम जारी रहा। आनंद कृषि विश्वविद्यालय, गुजरात के सहायक विषय निदेशक डॉ. विश्वजीत जे. पटेल ने पब्लिक स्पीकिंग पर प्रस्तुतीकरण देते हुए बताया कि किसी वक्तव्य में विषय का परिचय, स्वरूप व निष्कर्ष उसके मुख्य अंग होते है। आपको सार्वजनिक रूप से किस प्रकार बोलना चाहिए ताकि सुनने वाले श्रोताओं के लिए आपका उद्‌बोधन ज्ञानवर्धक के साथ–साथ प्रभावशाली व मनोरंजक भी रहे। हर व्यक्ति की अपनी बोलने व प्रस्तुत करने की कला होती है। साथ ही डॉ. पटेल ने मंच पर प्रस्तुतीकरण देते समय लगने वाले भय को कम करने के लिए कई तरीके भी बताए।

यह प्रशिक्षण कार्यक्रम निदेशक विस्तार सेवायें, कृषि विश्वविद्यालय, ग्वालियर व विस्तार शिक्षा संस्थान, कृषि विश्वविद्यालय, गुजरात के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित जा रहा है। प्रशिक्षण के दूसरे दिन प्रतिभागियों द्वारा प्रश्नोत्तरी जैसी कई गतिविधियों में भाग लिया गया।